एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

क्वीन को बटरफ्लाई दिखाना चाहती हैं पारुल यादव

कंगना रनौत अभिनीत फिल्म क्वीन के कन्नड़ रीमेक में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री पारुल यादव का कहना है कि वह बॉलीवुड अभिनेत्री को फिल्म दिखाने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या कंगना को फिल्म दिखाने की कोई योजना है? पारुल ने कहा, हां, मैं चाहती हूं कि कंगना फिल्म देखें। फिल्म के सह-निर्माता के रूप में, मुझे खुशी होगी कि वह इसके चारों संस्करण देखें।

उन्होंने कहा, कंगना ने शानदार काम किया है और मुझे नहीं लगता कि हम कभी भी उनको मात दे सकते हैं, लेकिन हमने सार को बरकरार रखते हुए कहानी को अलग तरह से पेश करने की कोशिश की है।

क्वीन वर्ष 2014 में रिलीज हुई थी। यह तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज होगी। तेलुगू में काजल अग्रवाल, तमिल में तमन्ना भाटिया और मलयालम में मंजिमा मोहन मुख्य भूमिका में दिखेंगी। पारुल चारों फिल्मों की सह-निर्माता भी हैं। यह फिल्म 2019 में रिलीज होगी।

कलंक में आलिया का अभिनय देख रो पड़े करण जौहर

बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपनी आने वाली फिल्म कलंक में आलिया भट्ट का अभिनय देख रो पड़े।

करण जौहर इन दिनों मल्टीस्टारर फिल्म कलंक बना रहे हैं। अभिषेक वर्मन के निर्देशन में बन रही कलंक में माधुरी दीक्षित नेने, संजय दत्त, वरुण धवन, आदित्य रॉय कपूर और सोनाक्षी सिन्हा जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसी बीच फिल्मकार करण जौहर ने आलिया भट्ट की परफॉर्मेंस देखी और अपना रिएक्शन दिया। उनका मानना है कि आलिया भट्ट ने कई कलाकारों के अभिनय से सजी फिल्म कलंक में अद्भुत काम किया है। करण ने कहा, मैंने कलंक में आलिया का काम देखा और उसे देखकर मैं भावुक हो गया। फिल्म में आलिया ने जो कुछ किया है, उसका खुलासा नहीं करूंगा, लेकिन उन्होंने फिल्म में कुछ खास किया है। आप जानते हैं कि जब मैं आलिया को देखता हूं तो मुझे लगता है कि अपनी बेटी को परफॉर्म करते देख रहा हूं और क्योंकि मैं उन्हें लेकर भावुक हूं इसलिए अंत में मैं किसी अजीब-सी वजह से रोने लगा। मैंने उसे फोन किया और कहा कि मैं भावुक हो गया, शाबाश!

मणिकर्णिका देखने के बाद आलोचकों को मुंह बंद हो जाएगा: कंगना रनौत

आगामी फिल्म मणिकर्णिका - द क्वीन ऑफ झांसी की रिलीज के लिए तैयार अभिनेत्री कंगना रनौत का कहना है कि फिल्म देखने के बाद आलोचकों का मुहं बंद हो जाएगा। कंगना ने मुंबई में अंकिता लोखंडे के साथ अपनी फैशन डिजाइनर दोस्त नीता लुल्ला की क्रिसमस सेलिब्रेशन पार्टी के मौके पर मीडिया से बातचीत की। अपने आलोचकों के बारे में बात करते हुए, कंगना ने कहा, मुझे लगता है कि जो लोग मेरे या मेरी फिल्म के बारे में अच्छी बातें नहीं कर रहे हैं, उनका फिल्म देखने के बाद मुंह बंद हो जाएगा और जो लोग अच्छी बातें कह रहे हैं, वो चुप नहीं होंगे कि फिल्म उन्हें कैसी लगी।

कंगना ने आगामी फिल्म मणिकर्णिका - द क्वीन ऑफ झांसी में मुख्य भूमिका निभाने के अलावा निर्देशन का भी काम किया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। सकारात्मक प्रतिक्रिया के बारे में कंगना ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक टीम के काम का परिणाम है। शुरू में, मुझे यह मुश्किल लगा लेकिन फिर, मुझे लगा कि मैं एक कलाकार और एक निर्देशक के रूप में फिल्म के साथ न्याय कर सकती हूं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भगवान दयालु हैं और मैं दोनों भूमिकाएं करके खुश हूं। हम फिल्म की रिलीज के लिए बहुत उत्साहित हैं। इसे दर्शकों के सामने पेश करने का इंतजार नहीं कर सकते। फिल्म के लेखकों से मिले समर्थन के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा: फिल्म के दौरान लेखकों ने अच्छा समर्थन किया है। मिस्टर विजेंद्र प्रसाद मेरी अगली फिल्म भी लिख रहे हैं।

अगली फिल्म की शैली के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह प्रेम कहानी है, लेकिन किसी इंसान के साथ नहीं। मणिकर्णिका - द क्वीन ऑफ झांसी 25 जनवरी, 2019 को रिलीज होगी।

मैंने 30 साल की शादी में आज तक पत्नी गौरी के पर्स में नहीं झांका: शाहरुख

ऐक्टर शाहरुख खान ने मीटू मूवमेंट को लेकर बयान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ कैसे सम्मानजनक रिश्ता बनाए रखते हैं। ऐक्टर ने बताया कि महिलाओं के सम्मान को लेकर वह अपने बेटों को भी ज्यादा से ज्यादा सिखाने की कोशिश करते हैं।

दरअसल, फिल्म जीरो के प्रमोशन में बिजी शाहरुख खान से हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान मीडिया ने मीटू मूवमेंट के लेकर उनसे सवाल किया था। इस पर शाहरुख ने कहा कि, जो महिलाएं अपने साथ हुई घटनाओं को लेकर सामने आई हैं हमें उनकी हिम्मत का सम्मान करना चाहिए। हालांकि, इसका एक सैड पार्ट यह भी है कि ऐसी घटनाएं ठीक आपकी नाक के नीचे होती हैं लेकिन आपको पता भी नहीं चल पाता।

पत्नी का पर्स कभी नहीं किया चेक: शाहरुख खान ने बताया कि कैसे घर पर वह अपनी पत्नी गौरी और बेटी सुहाना से सम्मानपूर्ण व्यवहार करते हैं। ऐक्टर ने बताया कि उनकी शादी को 30 साल हो चुके हैं लेकिन उन्होंने कभी भी गौरी का पर्स चेक नहीं किया। यहां तक कि जब वह कमरे में जाते हैं तब भी वह दरवाजे पर नॉक जरूर करते हैं। बेटी सुहाना के कमरे में जाने से पहले भी वह ऐसा जरूर करते हैं। शाहरुख ने कहा, उन्हें पता है कि मैं दरवाजे पर खड़ा हूं। फिर भी मैं नॉक किए बिना कमरे में नहीं जाता क्योंकि वह उनकी स्पेस है, जिसमें मैं बिना इजाजत के दाखिल नहीं होना चाहता।

शाहरुख ने बताया कि अपने बेटों को हमेशा महिलाओं का सम्मान करना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन्हें हमेशा यह बात समझाते हैं कि महिलाएं भी उनके बराबर की हैं। उनकी आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा कभी कुछ नहीं करना चाहिए।